


# बहनों ने तिलक लगाकर भाईयों की कलाई पर बांधे प्यार के धागे



### जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 अगस्त ।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक राखी का त्यौहार रक्षाबंधन शनिवार को अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाई के माथे पर तिलक कर कलाई पर रेशम के धागों के रूप में प्यार को बांधा और लम्बी उम्र की कामना की।

सावन माह के अंतिम दिन पूर्णिमा को मनाये जाने वाले रक्षाबन्धन के त्यौहार पर सुबह से ही बहनें उत्साहित थी। जरूरी कामों को निपटाकर बहनों ने अपने भाईयों के राखी बांधी। और उनकी लम्बी उम्र की कामना की। भाईयों ने अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा करने का वचन दिया और नकद राशि एवं उपहार भेंट किए।



### जेल में बंदी भाईयों को राखीं बांधने पहुंचीं बहने

रक्षाबंधन के अवसर पर शनिवार को जिला जेल मुरैना सहित जिले की अन्य जेलों में बंदियों से मुलाकात के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। जिला जेल मुरैना में विभिन्न अपराधों में निरुद्ध सजायाफ्ता और विचाराधीन बंदियों से मिलने के लिए बड़ी संख्या में बहनें पहुंचीं थी। बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाया और प्यार के रूप में राखी उनकी कलाई पर बांधीं। इस मौके पर बहनों ने अपने भाईयों से भविष्य में अपराधों से नाता तोड़ने का वचन भी लिया।

## आईआरडीई डीएआर क्रियान्वयन को डॉक्टर्स का प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 अगस्त ।** आईआरएडी ईडीएआर के सुचारू क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार 08 अगस्त को जिला चिकित्सालय मुरैना के सभागार मे आईआरएडी/ईडीएआर का चिकित्सा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं चिकित्सकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन मे एकीकृत सडक दुर्घटना डेटाबेस और ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट परियोजना भारत में सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटना डेटा एकत्र करने, प्रबंधित करने विश्लेषण करने और दृश्यीकरण के लिए एक केंद्रीकृत, डिजिटल प्लेटफर्म बनाने पर केंद्रित है। इस डेटा संचालित दृष्टिकोण का उद्देश्य दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों की पहचान करना, दुर्घटना पैटर्न को समझना और लक्षित सुरक्षा हस्तक्षेप विकसित करना है। सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय मुरैना के सभागार में 03 बजे दिया गया। जिलान्तर्गत विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी चिकित्सको सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## हर घर तिरंगा अभियान : बाइक रैली 11 व तिरंगा यात्रा 12 को

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 अगस्त ।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत जिलास्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें आंशिक संशोधन किया जाकर, तिरंगा बाईक रैली 11 अगस्त को डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम से सायंकाल 04 बजे से निकाली जाएगी। जिसका समापन पं. रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पर किया जाएगा। इसके नोडल पुलिस, नगर निगम, शिक्षा, एनआरएलएम एवं समस्त शासकीय विभाग रहेंगे।

जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने जन भागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा में 12 अगस्त को प्रात: 10 बजे से डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम से पं. रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय तक निकाली जाएगी। रैली के नोडल आयुक्त नगर निगम मुरैना, जिला खेल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र मुरैना एवं समस्त विभाग सहयोग करेंगे। सभी नोडल विभाग 11 एवं 12 अगस्त को सौंपे गये दायित्वों को संपादित कराऐंगे। विभाग के अधिकारी, कर्मचारी नियत समय पर उपस्थित रहकर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान को सफल बनाऐंगे।

## अज्ञात कार चालक के विरुद्ध धारा-106 का केस दर्ज

**मुरैना, 9 अगस्त ।** सबलगढ़ थाना क्षेत्र में विगत 16 जून को अज्ञात कार के चालक ने वीरेन्द्र 35 पुत्र रामसिंह नि. कैलारस को टक्कर मारकर जख्मी कर दिया था। अस्पताल में इलाज के दौरान वीरेन्द्र की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद अज्ञात कार के चालक के विरुद्ध धारा-106 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**मुरैना, 9 अगस्त ।** सुमावली पुलिस ने शुक्रवार को मोनू पुत्र मंगू गुर्जर निवासी बिरूंगा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से देशी शराब के 22 क्वार्टर जब्त किए। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया है।

# शिशु मंदिर में छात्राओं ने बनाई राखियां, रचाई मेहंदी

### रक्षाबंधन के अवसर पर हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 अगस्त ।** रक्षाबंधन के त्यौहार के अवसर पर शिक्षा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में राखी बनाओ और मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान शिशु मंदिर में अध्ययनरत कक्षा-5 से 12 वीं तक की छात्राओं ने सुंदर राखियां बनाईं और अपने हाथों में मेहंदी रचाई।

कार्यक्रम में अतिथि एवं निर्णायक के रूप में श्रीमती प्रभा अग्रवाल, समाज सेविका श्रीमती विनीता गुप्ता, सौंदर्य एव मेहंदी विशेषज्ञ श्रीमती निधि जैन उपस्थित



रहीं। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती अंजलि परमार, अर्चना सिकरवार ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन के दौरान छात्राओं ने अपनी कला और सृजनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए रंग-बिरंगे धागों, मोतियों, सितारों और चमकदार सजावट की सामग्री से राखियां बनाईं। छात्राओं ने एक-दूसरे से डिजाइन के नए-नए विचार भी साझा किए। इस गतिविधि से बच्चों में न केवल रचनात्मकता विकसित हुई, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते की अहमियत को भी समझा। मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता में बहनों द्वारा आकर्षक मेहंदी डिजाइन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य व प्रबन्धक सुनील दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और बहनों द्वारा बनाई गई राखियों एवं मेंहदी की सराहना की। प्रतियोगता में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में गिरिजा शर्मा, सुधा तोमर, आकांक्षा शर्मा, अनीता सिकरवार, अनीता गुप्ता का सराहनीय सहयोग रहा ।

# विश्व आदिवासी दिवस पर बिरसा मुंडा को किया नमन

### शहर जिला कांग्रेस के तत्वावधान में सिग्नल बस्ती में हुआ कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 अगस्त ।** विश्व आदिवासी दिवस और भारत छोड़ो आंदोलन दिवस के मौके पर शनिवार को शहर की सिग्नल बस्ती में शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के स्वतंत्रता संग्राम सैनानी बिरसा मुंडा को नमन किया गया।

कार्यक्रम में शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यापर्ण



के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपक शर्मा ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन के तहत महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के असंख्य नेताओं ने देश को आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। 9 अगस्त 1942 के दिन ही इस आंदोलन का शंखनाद हुआ था। भारत छोड़ों आंदोलन ने अंग्रेजी हुकूमत की जड़ों को हिलाकर रख दिया। कार्यक्रम में आदिवासी भाईयों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार माना, बहादुर सिंह आदिवासी, आदिराम कोरकू, रघुनाथ सिंह, महेन्द्र आदिवासी, रामू आदिवासी, शशिकांत आदिवासी, जयप्रकाश आदिवासी, करन आदिवासी, जगदीश आदिवासी आदि उपस्थित थे। प्रवक्ता हरीश पाठक ने बताया कि कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर विनोद शर्मा, जितेंद्र सिंह डंगस, गजेंद्र सिंधी, इकबाल खान, सैफुद्दीन खान, रघुवीर शर्मा, शैलेंद्र शर्मा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खाण्डौली गांव में घुसा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत

### सूचना मिलने के बाद पहुंचीं वनविभाग की टीम, रेस्क्यू कर नदी में छोड़ा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 अगस्त ।** चंबल नदी में बाढ़ का पानी उतरने के बाद किनारे बसे गांवों में जलीय जीवों को विचरण करने के मामले रोजाना सामने आ रहे है। ऐसा ही एक मामला शनिवार को देवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खाण्डौली में देखने को मिला। चंबल नदी से आया एक मगरमच्छ गांव की सड़कों पर घूमते हुए देखकर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई।

मगरमच्छ के गांव में पहुंचनें की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल वनविभाग के अधिकारियों को दी। उसके बाद भी काफी देर तक वनविभाग की टीम गांव में नहीं



पहुंचीं। तब ग्रामीणों ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को सूचना पहुंचाई। ग्रामीणों द्वारा कड़ी मशक्कत करने के बाद मगरमच्छ को रेस्क्यू कर चंबल नदी में छोड़ा गया। तब कहीं जाकर ग्रामीणों को राहत मिली।

# जेबराखेड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग, वीडियो वायरल

### स्टेशन रोड थाने में दो नामजद सहित 4 लोगों पर एफआईआर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 अगस्त ।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के ग्राम जेबराखेड़ा में शनिवार की शाम को पुरानी रंजिश को लेकर चार युवकों ने गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के घर ताबड़तोड़ फायरिंग कर डाली। फायरिंग की घटना के दौरान गांव के किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो शूट कर लिया। जिसे बाद में सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया। जो कुछ ही देर में वायरल हो गया।

जानकारी के अनुसार जेबराखेड़ा गांव में रहने वाले कल्ला डण्डौतिया की गांव के ही विकास डण्डौतिया से जमीनी विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी रंजिश को लेकर शनिवार की शाम को विकास डण्डौतिया, नितिन डण्डौतिया सहित दो अन्य लोग हथियार लेकर कल्ला डण्डौतिया के घर पहुंचें। जहां उन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दी।

फायरिंग का वीडियो किसी ग्रामीण ने मोबाइल फोन से शूट किया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। जो कुछ ही देर बाद वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद स्टेशन रोड थाना पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने विकास डण्डौतिया, नितिन डण्डौतिया सहित दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध फायरिंग किए जाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

# पेड़ों को बांधे रक्षा सूत्र, लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 अगस्त ।** यदि आज आपने एक पौधा लगाया है, तो आपने कल की एक सांस बचाई है। यह पुण्य कार्य पर्यावरणीय चेतना जागृत करने का सशक्त माध्यम तो है ही, एक पीढ़ी द्वारा दूसरी पीढ़ी को दिए गए वरदान की तरह भी है। जब हम पौधरोपण करते हैं, तो वह कार्य सिर्फ वर्तमान के लिए नहीं होता, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुखद, सुरक्षित और संतुलित भविष्य का माध्यम बन जाता है।

यह बात बिस्मिल फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान एवं मप्र शिक्षक संघ के तत्वाधान में रक्षाबंधन पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में कही। इस मौके पर पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधे और प्रकृति का पूजन कर यह संदेश दिया कि अगर



हम धार्मिक, सांस्कृतिक व मान्यताओं के साथ प्रकृति से भी प्रेम करें, तो धरती को फिर से हरा-भरा और संतुलित बना सकते हैं। जिस तरह एक भाई अपनी बहन की रक्षा का वचन देता है, उसी तरह हम सभी का कर्तव्य है कि हम पेड़ों और पर्यावरण की रक्षा करें। डॉ. सिकरवार ने कहा कि रक्षा बंधन जैसे त्योहारों को इस तरह सामाजिक और पर्यावरणीय सरोकार से जोड़ना समय की मांग है। जब हम पेड़ों को अपना परिवार मानकर उनकी रक्षा करेंगेए तभी धरती पर जीवन सुरक्षित रह पाएगा। इस अवसर पर विमलेश यादव, सतंजय मिश्रा, जगदीश शर्मा, रघुराज परमार, डॉ. हरेंद्र तोमर, तिलक सिंह, रूप सिंह सिकरवार, रामबरन सिंह पायथा, गिरीश शर्मा, भारत सिंह, मनमोहन, राजेंद्र शर्मा, विनोद शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा चालक के विरुद्ध धारा-106 का केस दर्ज

**मुरैना, 9 अगस्त ।** कैलारस थाना क्षेत्र में 8 अगस्त को ई-रिक्शा चालक प्रहलाद ने रिक्शे को लापरवाही से चलाते हुए नैपरी चौराहे के पास पलट दिया। हादसे में रिक्शे में सवार रोबिन जाटव 3 पुत्र मोनू जाटव नि. परशू का पुरा चिन्नौनी जख्मी हो गया था। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान रोबिन जाटव की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद रिक्शा चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## रंगदारी न देने पर युवक की मारपीट, मामला दर्ज

**मुरैना, 9 अगस्त ।** कैलारस कस्बे की टॉकीज गली में रहने वाले आशु कुमार सिंहल पुत्र अशोक कुमार सिंहल की शिवम गोयनर नि. कैलारस ने रंगदारी न देने पर गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिवम गोयनर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 अगस्त ।** जिले के बडौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांडीखेडा उतनवाड बस स्टेंड पर टायलेट कर रहे युवक को कार ने गुरूवार की रात्रि 11 बजे टक्कर मार दी, जिसे गम्भीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां शुक्रवार की रात्रि 12 बजे मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शनिवार की सुबह 8 बजे मर्ग कायम कर लिया है।

पुलिस ने जानकारी दी कि सूचनाकर्ता रिंकू पुत्र रामचरण बेरवा उम्र 25 साल ने थाने में सूचना दी कि रामचरण पुत्र गणपत बैरवा बांदीखेडा उतनवाड बस स्टेंड पर टॉयलेट करने के लिए गया था जहां उसे अज्ञात कार चालक ने तेजी व लापरवाही से गाडी चलाते हुए टक्कर मार दी, जिसमें रामचरण बुरी तरह घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां सड़क दुर्घटना में आई गम्भीर चोटो के कारण उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पैसे मांगने की बात को लेकर पति-पत्नि से मारपीट, मानपुर थाने में केस दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 अगस्त ।** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे में एक महिला और उसके पति के साथ तीन आरोपियों ने शुक्रवार को रात्रि 8 बजे रूपये मांगने की बात को लेकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ आज शनिवार को सुबह 10 बजे केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने जानकारी दी कि फरियादिया रीना पत्नि महेन्द्र आर्य उम्र 32 साल नि. मानपुर अपने घर के बाहर खडे थे कि तभी आरोपीगण रामस्वरूप आर्य, भगवतीआर्य और सुनीता आर्य ने रूपये मांगने की बात को लेकर गाली गलौच करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में आरोपियो के खिलाफ धारा 115 (2), 296,351(2), 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## पुराने विवाद को लेकर महिला से मारपीट, केस दर्ज

**श्योपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सलापुरा बस्ती में एक महिला से पुराने विवाद को लेकर शुक्रवार की रात्रि 9 बजे दो आरोपियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में शनिवार को सुबह 8 बजे केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी दी कि फरियादिया रामदुलारी पत्नि करण सिंह आदिवासी उम्र 35 साल ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार की रात्रि में उसके घर के बाहर सलापुरा बस्ती में आरोपीगण राजेश आदिवासी और उसकी पत्नि सुनीता आदिवासी ने पुराने विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2),296,351(2),3 (5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## ब्लॉक कॉलोनी में रेडिमेड कपड़ो की गुमटी में चोरी

**श्योपुर ।** शहर के पाली रोड स्थित ब्लॉक कॉलोनी के पास एक गुमटी में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात्रि करीब 3 बजे अज्ञात चोरो ने छत के टीन हटाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरी में गुमटी में रखे करीब 50 हजार रूपये के कपड़े और 12 हजार रूपये नगदी चोरी हो गये हैं।